आप की ख़बर

# Lucknow ignou इग्नू में एनईपी 2020 विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित

By Aapkikhabar news Fri, 25 Nov 2022

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य समन्वयक होने के नाते इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ) क्षेत्रीय केंद्र, लखनऊ ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। यह कार्यक्रम विशेष रूप से स्कूलों, डिग्री कॉलेजों और उच्च शिक्षा के शिक्षकों के लिए आयोजित किया गया था।संगोष्ठी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोफेसर भरत राज सिंह महानिदेशक, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट ऑफ साइंसेज, लखनऊ और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया गया जिसमें बेसिक शिक्षा के तहत स्थापित हो रहे हैप्पीनेस स्कूल के समन्वयक डॉ. सौरभ मालवीय एवं प्राचार्य डॉ. प्रियंका भारद्वाज, स्कॉलर्स होम स्कूल, विनीत खंड, गोमतीनगर, लखनऊ, डा. मनोरमा सिँह, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक तथा डा. कीर्ति विक्रम सिँह, सहायक क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू उपस्थित थे ।

स्वागत भाषण डॉ. कीर्ति विक्रम सिंह अतिरिक्त क्षेत्रीय निदेशक, इग्नू ने दिया और एनईपी 2020 के विषय में प्रकाश, वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. मनोरमा सिंह ने श्रोताओं के लिए प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि डॉ. सिंह ने संशोधित एनईपी 2020 द्वारा छात्रों को कुशल बनाने और इसे वैदिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बारे में बहुत विस्तृत जानकारी दी है ताकि आने वाली पीढ़ी भारतीय संस्कृति और मूल्यों के प्रति अधिक केंद्रित हो सके। डॉ, मालवीय ने बुनियादी शिक्षा व्यवस्था के दौरान खुशहाली की संस्कृति के विषय में बताया। डॉ. प्रियंका भारद्वाज, प्राचार्य, स्कॉलर्स होम स्कूल, लखनऊ द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

---

**https://aapkikhabar.com/local/Lucknow-ignou-National-Seminar-on-NEP-2020-organized-in/cid9266152.htm**